Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding extension of railway line from Champua to Dhamra port in Odisha.

कुमारी चन्द्राणी मुर्मु (क्योंझर) : अध्यक्ष महोदय, मुझे बोलने का मौका देने के लिए बहुत-बहुत शुक्रिया ।

माननीय अध्यक्ष : हमारी माननीय सदस्या सबसे कम उम्र की हैं ।

कुमारी चन्द्राणी मुर्मु : थैंक यू सर । मेरा संसदीय क्षेत्र क्योंझर ओडिशा माइन्स और मिनरल से भरा हुआ डिस्ट्रिक्ट है । वहाँ से बहुत मात्रा में मैंगनीज, आयरन ओर देश के विभिन्न हिस्सों में तथा देश के बाहर भी एक्सपोर्ट किया जाता है । एक्सपोर्ट के लिए मुख्यत: रेलवे और रोडवेज का इस्तेमाल होता है । विदेश एक्सपोर्ट करने के लिए मुख्यत: धामरा पोर्ट यूज होता है, जो कि मेरे डिस्ट्रिक्ट से नियरेस्ट पोर्ट है । धामरा तक रॉ मटिरियल्स पहुँचाने के लिए मुख्यत: ट्रक्स का यूज होता है । भारी मात्रा में यातायात के कारण वहाँ हैवी ट्रैफिक की प्रॉब्लम दिखाई पड़ती है, जिससे आये दिन दुर्घटनाएँ होने की खबरें आती हैं, जिसमें बहुत लोगों की जानें भी जाती हैं ।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री को यह रिक्वेस्ट करना चाहूँगी कि लोगों की कीमती जान और समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अगर सड़क परिवहन की मात्रा कम की जाए तो उनकी समस्याओं का हल किया जा सकता है । इसलिए माननीय मंत्री जी से मेरी माँग है कि जो एग्जिस्टिंग रेलवे लाइन है, उसको चम्पुआ से धामरा वाया आनंदपुर, जाजपुर जिससे कि रॉ मटिरियल को रेलवे लाइन से पोर्ट तक पहुँचाया जा सके, उसको एक्सटैंड किया जाए । अगर प्रपोज्ड एक्सटेंशन लाइन होती है तो लोगों को रेलवे की सुविधा मिलेगी । स्पेशली चम्पुआ और आनंदपुर मेरे दो सब-डिविजनल हैडक्वार्टर्स हैं लेकिन बहुत दु:ख की बात है कि आज भी वे लोग रेल सेवा से वंचित हैं ।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी को यह रिक्वेस्ट करना चाहूँगी कि मेरे इस प्रस्ताव पर ध्यान दें और जितनी जल्दी हो सके, इस पर काम करें। बहुत-बहुत शुक्रिया।